शुक्रवार, 26 नवंबर, 2021 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में 'संविधान दिवस' समारोह का आयोजन

----

26 नवंबर, 2021 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में भारतीय संसदीय समूह (आईपीजी) के तत्वावधान में 'संविधान दिवस' समारोह आयोजित किया जाएगा। भारत के माननीय राष्ट्रपति, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति , भारत के माननीय प्रधान मंत्री और माननीय लोक सभा अध्यक्ष इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे और विशिष्टजनों को संबोधित करेंगे।

इस समारोह के दौरान माननीय राष्ट्रपति (i) संविधान सभा वाद-विवाद के डिजिटल संस्करण; (ii) भारत के संविधान की सुलेखित प्रति के डिजिटल संस्करण; और (iii) भारत के संविधान के अद्यतन संस्करण का विमोचन करेंगे ।

वह 'संवैधानिक लोकतंत्र के बारे में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी' का उद्घाटन भी करेंगे।

उनके संबोधन के बाद माननीय राष्ट्रपति के साथ देशवासी संविधान की प्रस्तावना पढ़ेंगे।

इस समारोह में संसद सदस्यों के अलावा, दिल्ली स्थित आईपीजी के एसोसिएट सदस्यों और दिल्ली स्थित मिशन प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है।